हिन्दू-संगठन एवं हिन्दू राष्ट्रकी स्थापना हेतु कार्यरत

हिन्दू जनजागृति समिति

पंजीयन क्र. : 1540/I-634, १२.११.२००२, फोंडा, गोवा.

चल-दूरभाष क्रमांक

इ-मेल
contact@HinduJagruti.org

जालस्थल (वेबसाइट)
www.HinduJagruti.org

पंजीकृत कार्यालय : 'मधु स्मृति', प्रथम तल, बैठक सभागृह, घर क्र. ४५७, सत्यनारायण मन्दिरके निकट, ढवळी, फोंडा, गोवा ४०३ ४०१.

।। जयतु जयतु हिन्दुराष्ट्रम ।। दि. 21.6.2016

प्रति,

मा. संपादक / मुख्य संवाददाता

सादर प्रकाशनार्थ...

गोवा का अखिल भारतीय हिन्दू अधिवेशन

बांग्लादेशी हिन्दुओं के लिए बांग्लादेश में स्वतंत्र भूमि हो ! – श्री. सुभाष चक्रवर्ती

रामनाथी (गोवा) – पूर्व पाकिस्तान की निर्मिति से ही वहां के हिन्दुओं पर अत्यधिक अत्याचार हो रहे हैं । तदुपरांत वर्ष 1971 में भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र बांग्लादेश बनाने के उपरांत भी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों में बढोतरी ही हुई है । इस कारण करोडो बांग्लादेशी हिन्दू भारत में पलायन कर रहे हैं । अखंड भारत के अविभाज्य घटक इन हिन्दुओं के लिए भारत सरकार बांग्लादेश में स्वतंत्र भूमि (होमलैण्ड) निर्माण करे, ऐसी मांग बांग्लादेश के हिन्दुओं की समस्याओं पर आवाज उठानेवाले 'निखिल बंग नागरिक संघ' संगठन के सचिव श्री. सुभाष चक्रवर्ती ने पंचम अखिल भारतीय हिन्दू अधिवेशन स्थल पर 21 जून 2016 को हुई पत्रकार परिषद में की । इस समय नेपाल की 'फोरम ऑफ नेपालीज् मीडिया' के (नेपाली प्रसारमाध्यम मंच) अध्यक्ष प्रा. निरंजन ओझा, श्रीलंका के श्री. मरवनपुलावू सच्चिदानंदन्, कश्मीर के 'यूथ फॉर पनून कश्मीर' के राष्ट्रीय समन्वयक श्री. राहुल कौल और सनातन संस्था के प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस उपस्थित थे ।

श्री. सुभाष चक्रवर्ती ने आगे कहा, ''बांग्लादेश में हिन्दू महिलाओं पर बलात्कार, जमीन हडपना, मंदिर तोडना, पुजारियों की हत्या करना आदि अत्याचार बंद होने हेतु भारत सरकार प्रयत्न करे और बांग्लादेश में हिन्दुओं के लिए सम्मानपूर्वक जीवन हेतु सुरक्षित स्थान निर्माण कराए ।'' श्री. राहुल कौल ने कहा, ''विस्थापित कश्मीरी हिन्दू कश्मीर में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर पाएं, इसके लिए केंद्रशासन पर पूरे राष्ट्र के हिन्दुओं को संगठित रूप से दबाव लाना अपेक्षित है । इस दृष्टि से कश्मीरी हिन्दुओं के लिए पूरे भारत में 19 स्थानों पर अधिवेशन लेने का निश्चय किया है ।'' श्री. मरवनपुलावू सच्चिदानंदन् ने कहा, ''श्रीलंका का बौद्ध शासन वहां के हिन्दुओं का दमन कर रहा है । हिन्दुओं को मारने और पकडने का अधिकार देनेवाला वहां का क्रूर कानून बदलने की आवश्यकता है । इसमें हमें भारत की सहायता चाहिए ।'' प्रा. निरंजन ओझा ने कहा, ''नेपाल का संविधान धर्मनिरपेक्ष बनाकर नेपाल के हिन्दुओं का धर्मांतरण करने का षड्यंत्र रचा गया है । वर्ष 2030 तक नेपाल को ईसाई राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र है । नेपाल का हिन्दू राष्ट्र होना, भारत के हित में है, इसलिए नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने हेतु भारत शासन को सहायता करनी चाहिए ।'' 'पाकिस्तान से भारत आए हिन्दुओं को भारतीय नागरिकता मिलना और घुसपैठ रोकने के लिए बांग्लादेश की भारत से जुडी सीमा सीलबंद करने की प्रक्रिया होना, यह पिछले राष्ट्रीय हिन्दू अधिवेशनों से प्रेरणा लेकर हिन्दुओं द्वारा किए प्रयासों का फलित है, ऐसा श्री. चेतन राजहंस ने इस समय बताया ।

आपका विनीत,

श्री. रमेश शिंदे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिन्दू जनजागृति समिति,
संपर्क क्रमांक : 09987966666